# Physical Division, Drainage and Climate

# Physical Division

- प्रादेशिक आधार पर ब्राजील को पाँच प्रमुख प्रदेशों में विभाजित किया जाता है–
    - उत्तरी ब्राजील
    - उत्तरी पूर्वी ब्राजील
    - पूर्वी ब्राजील
    - दक्षिणी ब्राजील
    - मध्य पश्चिमी ब्राजील



- स्थलाकृतिक विशेषताओं के अनुसार ब्राजील को निम्नलिखित भौतिक विभागों में विभाजित किया जा सकता है–

# Physical Divisions of Brazil

- गयाना का पठार (Guiana Plateau)
- अमेजन बेसिन (Amazon Basin)
- ब्राजील का पठार/उच्चभूमि (Brazilian Plateau/Highlands)
- पूर्वी तटीय मैदान (Eastern Coastal Plain)
- पेंटानल (Pantanal)



# अपवाह तंत्र (Drainage System)

- ब्राजील के अपवाह तंत्र को मुख्यतः तीन नदी तंत्रों में विभाजित किया जा सकता है–




  - अमेजन
  - साओ फ्रांस्सिको
  - पराना–पेरागुए

- ये तीनो नदियाँ अटलांटिक महासागर में गिरती हैं।

# जलवायु (Climate)

- ब्राजील की जलवायु पर इसकी अवस्थिति का सर्वाधिक प्रभाव पड़ा है।
- विषुवत रेखा ब्राजील के उत्तरी भाग से एवं मकर रेखा दक्षिण भाग से गुजरती है।
- अतः देश का अधिकांश भाग उष्ण कटिबंधीय जलवायु में आता है।



# जलवायु (Climate)

- विषुवत रेखीय क्षेत्र में वर्ष भर उच्च तापमान रहता है और प्रतिदिन संवहनीय वर्षा होती है इसलिए आर्द्रता भी अधिक रहती है।
- समुद्र से आने वाली आर्द्र पवनों के कारण पूर्वी तटीय भागों में भी अधिक वर्षा होती है। साथ ही इस तट पर उत्तर से दक्षिण की ओर ब्राजील की गर्म धारा बहती है जिसका इस क्षेत्र की जलवायु पर प्रभाव पड़ता है और अधिक वर्षा होती है।
- ब्राजील के अधिकांश भागों में वार्षिक वर्षा 100 से 150 सेमी. तक होती है जो अधिकांशतः ग्रीष्मकाल में दिसम्बर से अप्रैल के बीच होती है।
- शीतकाल सामान्यतः शुष्क रहता है लेकिन विषुवतरेखीय क्षेत्र में प्रतिदिन वर्षा होती है।
- अमेजन बेसिन, पूर्वी एवं उत्तरी तट पर 200 सेमी. से अधिक वर्षा होती है।

Brazil has five climatic regions—

1. Equatorial
2. Tropical
3. Semiarid
4. Highland tropical
5. Subtropical

